प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस लोकसभा में पारित होने के बाद आज राज्यसभा में किया गया पेश : केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है विधेयक का उद्देश्य।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भगवान निषादराज के जन्मोत्सव पर प्रयागराज में 579 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लाकार्पण और शिलान्यास : कहा– श्रृंगवेरपुर को बनायेंगे आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र।**
3. **मुख्यमंत्री ने आज वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले हफ्ते प्रस्तावित दौरे से पहले तैयारियों को परखा : जनसभा स्थल का निरीक्षण कर दिये जरूरी दिशा निर्देश।**

**और**

4. **15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप झांसी में कल से होगी शुरू : 15 अप्रैल तक चलने वाली इस चैम्पियनशिप में 31 राज्यों की टीमें लेंगी हिस्सा।**

———————

**वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस कल लोकसभा में पारित होने के बाद आज राज्यसभा में पेश किया गया। लोकसभा में 12 घंटे से अधिक समय तक विधेयक पर चर्चा हुई। विधेयक के पक्ष में दो सौ अठासी वोट पड़े, जबकि**

विपक्ष में दो सौ बत्तीस सदस्यों ने मतदान किया। राज्यसभा में विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाकर, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित है। बाइट.....

*हम चाहते हैं कि सबको डिसीजन मेकिंग की बॉडी में जगह मिलनी चाहिए। इसलिए सबको एम्पावरमेंट कर रहे हैं। एफिशिएंसी को हम इनक्रीज़ करने के लिए टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने का भरपूर इसमें प्रावधान किया गया है। अब सेंट्रलाइज डेटाबेस होगा, डिजिटल पोर्टल होगा, जो सारा स्टेट बोर्ड केसाथ लिंक होगा, लाइव होगा। वक्फ प्रोपर्टी का कन्टिन्यूसली रजिस्ट्रेशन, ट्रैकिंग, कम्प्लाइंस पूरी व्यवस्था करके हमने एफिशियेंसी को टारगेट दिया है।*

श्री रिजिजू ने कहा कि विधेयक को हितधारकों के साथ–साथ संयुक्त संसदीय समिति के साथ विस्तृत परामर्श के बाद लाया गया है।

श्री रिजिजू ने इस बात पर बल दिया कि विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है, न कि मुसलमानों के धार्मिक व्यवहार में हस्तक्षेप करना। बाइट.....

*वक्फ एक्ट के अंदर में ये पूरी छूट दी गई है। अगर आप वक्फ बोर्ड के माध्यम से चलाना चाहते हैं, आपको पूरा इसके लिए इजाजत है, तो चौरिटी कमीश्नर जितना ट्रस्ट प्रोपर्टीज़ को देखते हैं, निगरानी करते हैं, व्यवस्था को चौक करते हैं, उसी प्रकार से वक्फ बोर्ड जो है, वक्फ प्रोपर्टी को सही तरीके से चला रहे हैं कि नहीं, ये निगरानी करने के लिए वक्फ बोर्ड बनाया गया है। वो वक्फ प्रोपर्टी को चलाने के लिए नहीं है।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वक्फ संशोधन विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब वक्फ बोर्ड की मनमानी से आज़ाद होकर केवल कल्याणकारी कार्यों तक सीमित रहेगा। बाइट....

*हम आभारी है प्रधानमंत्री मोदी जी के गृह मंत्री अमित शाह जी के जिन्होंने वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम लगा कर के वेलफेयर के कार्य के साथ यह सभी बोर्ड जुड़े इसके लिए वक्फ बोर्ड से संबंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण अधिनियम को संसद में लोकसभा में पारित किया है आज राज्यसभा में भी पारित होगा।*

————————

वक्फ संशोधन विधेयक–2025 के कल लोकसभा में पारित होने के बाद देश भर में प्रमुख नेताओं ने इसका स्वागत किया है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के अध्यक्ष शारिक अदीब ने कहा हैकि यह विधेयक वक्फ बोर्ड के प्रबंधन और शासन में जरूरी पारदर्शिता लाएगा। बाइट...

*वक्फ कहीं नहीं जा रहा, वक्फ महफूज़ था, महफूज है और महफूज़ रहेगा, मुसलमानों के हाथमें रहेगा। बस उसमें जो गलतियां हैं, मिसमेनेजमेंट है, वो सही होगा और अगर कोई गवर्नमेंट बेवाओं को, गरीबबच्चों को, मिसकिनों को, नादारोंको, पशमानां मुसलमानों को उनका हक और हकूक देने की बातकरती है, तो इसमें इतनी घबराने की बात क्या। बस ये हैकुछ लोगों के पास में ये पूरी पावर थी अब वे चली जाएगी, इसलिए ये लोग हंगामा कर रहे हैं।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भगवान निषादराज गुहा के जन्मोत्सव पर प्रयागराज में 579 करोड़ रुपये की 181 विकास परियोजनाओं का लाकार्पण और

शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और राजा निषाद से जुड़ी कथाओं और एक जनपद–एक उत्पाद पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रृंगवेरपुर को आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ की वजह से प्रयागराज का चौतरफा विकास हुआ है। बाइट.....

*डबल इंजन की यह सरकार अपने पूर्वजों की विरासत को फिर से भव्य रूप से स्थापित करने का काम कर रही है और महाकुंभ के बहाने आज हमारा प्रयागराज स्मार्ट सिटी से भी आगे बढ़ चुका है और प्रयागराज महाकुंभ के बहाने लेटे हुए हनुमान जी का भी एक कॉरिडोर का निर्माण हो गया है, अक्षयवट कॉरिडोर बन गया है। माँ सरस्वती कॉरिडोर बन गया है। ये प्रयागराज की नई मणियाँ जुड़ी है नए नए पहचान प्रयागराज को मिले है।*

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान निषाद राज वोट सब्सिडी योजना के तहत 1100 नाविकों को 3.20 करोड़ रुपये, मत्स्य संपदा योजना के तहत 1400 मत्स्य पालकों को 20 करोड़ रुपये, और किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 138 करोड रुपये के ऋण वितरित किए।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले हफ्ते प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों को परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज वाराणसी पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मेहंदीगंज राजा तालाब में प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने

जिला प्रशासन के अधिकारियों, भाजपा के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था सहित, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में प्रस्तावित लोकार्पण और शिलान्यास से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड स्थित अनंत नगर आवासीय योजना के तहत आवासों की पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारंभ करेंगे। अनंत नगर आवासीय योजना को कुल 785 एकड़ में 10 हजार करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है।

————————

रायबरेली के आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने में इस वर्ष रिकार्ड उत्पादन हुआ है। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि पिछले वित्तीय

वर्ष के मुकाबले 2024– 25 में आरेडिका ने बीस प्रतिशत ज़्यादा उत्पादन किया है। बाइट.....

*चौबीस पच्चीस में हम लोगों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ के दो हज़ार पच्चीस कोच बनाये हैं जो पिछले वर्ष के मुकाबले बीस प्रतिशत से ज्यादा कोच बने है। पंचानवे प्रतिशत से ज्यादा कोच जो हमने बनाये व मध्यम और सामान्य वर्ग के ही थे। सेवेंटीटू प्रतिशत कोच हमारे नॉन एसी कोच थे और बाकी एसी थ्री टर कोच थे कुछ मध्यम वर्ग के लिए होते हैं।*

————————

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण की तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों वकर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता, निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वेक्षण का कार्य 27 दिसम्बर, 2024 से चल रहा है। इस बार केंद्र सरकार ने आवास प्लस एप पर स्वयं से भी रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा दी है।

————————

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने वेव्स क्रिएट इन इंडिया चैलेंज–द वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप और द वेव्स अवाड्र्स ऑफ एक्सीलेंस के तहत दो प्रतियोगिताओं के लिए फाइनलिस्ट की घोषणा की है। मेरठ के मोहित शर्मा और बरेली के विन्ध्यर्ष मिश्र ने अंतिम सूची में जगह बनाई है। 1 से 4 मई तक 2025 तक मुंबई में आयोजित होने

वाले विश्व ऑडियो विज़अल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन में विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

————————

झांसी में कल 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का शुभारंभ होगा। 15 अप्रैल तक चलने वाली इस चैम्पियनशिप में 31 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सुरेश बोनकर ने बताया कि चैंपियनशिप में टीमों को ए, बी, सी ग्रुप में रखा गया हैं। इनमें ग्रुप बी और सी का लीग मैच चार से नौ अप्रैल तक होगा। वहीं, ग्रुप ए की टॉप टीमों में उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, तमिलनाडु, मणिपुर, उत्तर प्रदेश और पंजाब शामिल हैं।

————————

आईपीएल 2025 में आज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना मौजूदा चैंपियन नाइट राइडर्स से हो रहा है। दोनों हो टीमों ने मौजूदा सीजन में अब तक 3 मैचों में से 2 में हार का सामना किया है।

————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है। अगले 24  घंटों में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा वहीं न्यूनतम तापमान में 2–3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना है।

(समाप्त)